Fair Trade USA शब्दकोष

संस्करण 1.2.0

A. उद्देश्य

इस दस्तावेज़ में उन शब्दावली को परिभाषित किया है जो Fair Trade USA मानक, अनुपालन मानदंड और सम्बंधित दस्तावेज़ों में प्रदान है।

B. दायरा

उपयुक्त स्थानों पर, ये पारिभाषिक शब्द बाध्यकारी है।

मानक के अंतर्गत बड़े अक्षरों पर ध्यान दें। यदि कोई पारिभाषिक शब्द Fair Trade USA मानक को विशिष्ट रूप से दर्शाते हो, तो वे ब्रैकेट में लक्षित कर मानक का नाम लिखा जायेगा। उदहारण के लिए, बफ़र क्षेत्र विशिस्ट रूप से कृषि-सम्बंधित (APS) गतिविधियाँ दर्शाता है, उसे इस प्रकार, परिभाषा के अंत में लिखा जायेगा, [APS सम्बंधित]। हलके धुमैले रंग के अक्षर का मतलब है कि वो पारिभाषिक शब्द मानक के पिछले संस्करण से लिया गया है और नए मानक से हटा दिया जायेगा।

C. त्वरित संदर्भ

A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

परिभाषा ढूंढने के लिए हाइपरलिंक वर्णमाला का उपयोग करें।

अ

अंडा जमा करने की संभावित अनुपात (SPR)

एक प्रकार की पकड़ी हुई मछली पशुधन के प्रति भर्ती औसत उत्पादित अंडे का भाग, एक ना पकड़ी हुई मछली पशुधन के प्रति भर्ती औसत उत्पादित अंडे में जब दिया जाये। SPR को इस तरह भी व्यक्त किया जा सकता है, एक प्रकार की पकड़ी हुई मछली पशुधन की प्रति भर्ती जैविक ईंधन से अंडे जमा करने (SSBR) का भाग, ना पकड़ी हुई मछली के (SSBR) में दिया जाये। (ब्लैकहार्ट, और अन्य, 2006)। [CFS सम्बंधित]

अधिक मत्स्य पालन

मछली पशुधन की स्थिति को संदर्भित करते हुए, मछली पकड़ने का प्रयास या मछली की पकड़ते वक्त मृत्यु दर का एक स्तर, कि यदि मछली पकड़ने के प्रयास में कमी लाये तो, मध्यम अवधि में, कुल मछली पकड़ में वृद्धि आएगी। अक्सर इसे अति उपभोग कहा गया है, जो कि बढ़ती और भर्ती अधिक मत्स्य पालन के मेल से, और पारिस्थितिकी तंत्र और आर्थिक अधिक मत्स्य पालन के साथ होता है। लंबे समय तक रहने वाली प्रजातियों के लिए, अधिक मात्रा में मछली पकड़ने (यानी, अत्यधिक प्रयास का उपयोग) से पहले 'अधिक मत्स्य पालन पश्चात्अ' की स्थिति शुरू हो जाती है (FAO, गैर दिनांकित)। [CFS सम्बंधित]

अधिक मत्स्य पालन पश्चात्

एक पशुधन जिसका उपयोग स्पष्ट सीमा से परे किया गया है, जिसके बाद सुरक्षित प्रजनन सुनिश्चित करने के लिए इसकी प्रचुरता बहुत कम मानी जाती है। कई मत्स्य पालन में इस शब्द का प्रयोग किया जाता है जब बायोमास का अनुमान एक जैविक संदर्भित बिंदु के नीचे होता है, जिसका प्रयोग एक अतिसार की स्थिति के रूप में किया जाता है। अधिक मछलीमारी में, एक पशुधन को उचित स्तर और पुनर्निर्माण की दर प्राप्त करने के लिए, प्रबंधन प्रथाओं में बदलाव की आवश्यकता होगी। प्रबंधन में बदलाव के बाद भी, कुछ समय के लिए पशुधन अधिक मछलीमारी के स्तर पर हो सकता है (अर्थात्, बायोमास सहमत सीमा के नीचे हो) हालांकि मत्स्य पालन का दबाव कम या दबाया जा सकता है। (ब्लैकहर्ट और अन्य, 2006) [CFS सम्बंधित]

अधिकतम सतत उपज (MSY)

उच्चतम सैद्धांतिक संतुलित उपज जो कि वर्तमान (औसत) पर्यावरण स्थितियों के तहत पशुधन से लगातार (औसत पर) प्राप्त किया जा सकता है, प्रजनन प्रक्रियाों को प्रभावित किए बिना। (FAO, 2014) [CFS सम्बंधित]

अधूरा उत्पाद

Fair Trade USA प्रमाण पत्र के दायरे के भीतर अनुज्ञापत्र प्राप्त उत्पाद जो उपभोग या उपयोग करने के लिए तैयार नहीं है।

अनुपालन मानदंड (CC)

एक मानक में आवश्यकताओं का विवरण जो बाध्यकारी हैं, अर्थार्थ कि वे समय के किसी विशिष्ट बिंदु पर, प्रमाणन के एक विशिष्ट वर्ष या सर्वोत्तम अभ्यास के रूप में वर्णित किया गया है। अपेक्षा है कि प्रमाणीकरण से गुजरने वाली इकाई अनुपालन मानदंडों को पूरा करे और एक निर्धारक समय-प्रासंगिक अनुपालन मानदंडों से यह निर्धारित होता है कि मानक परिपूर्ण हुआ या नहीं।

अनुबंध

कानून द्वारा लागू होने वाला, दो या अधिक पार्टियों के बीच एक बाध्यकारी समझौता।

अनुरूप मूल्यांकन निकाय (CAB)

मान्यता प्राप्त, तृतीय पक्ष इकाई, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से Fair Trade USA आवेदक या प्रमाणपत्र धारकों को ज़िम्मेदारी के साथ लेखा-परीक्षा सेवाएं प्रदान करें, यह स्थापित करने के लिए कि सम्बंधित आवेदक या प्रमाणपत्र धारकों Fair Trade USA मानकों और अनुपालन मानदंडों के अधीन है या नहीं। अनुरूप मूल्यांकन निकाय आवेदक को प्रमाणपत्र जारी करने का निर्णय लेती है और अनुपालन के साथ प्रमाणपत्र जारी कर सकती है।

अनुज्ञापित भागीदार (पर्याय: अनुज्ञप्तिधारी)

Fair Trade Certified™ लेबल कलाकृति, लेबल भाषा और प्रमाणन चिह्न का उपयोग करने के लिए Fair Trade USA द्वारा अनुज्ञापत्र प्राप्त कंपनी।

अप्रधान उत्पाद

एक ऐसा उत्पाद जो मुख्य उत्पाद के अलावा उत्पादन प्रक्रिया से बाहर आता है। एक अप्रधान उत्पाद का प्रत्यक्ष रूप से उपयोग किया जा सकता है, जिसे किसी अन्य उत्पादन प्रक्रिया में काम लिया जा सकता है, इसका निपटान किया जा सकता है या पुनः नवीनीकरण किया जा सकता है। एक अप्रधान उत्पाद उप-उत्पाद, सह-उत्पाद या अवशेष हो सकता है। [विशेष मूल्य और प्रीमियम शर्तों सम्बंधित]

अप्रधान प्रजातियां

प्रमाणन के लिए आवेदन के दायरे में अप्रस्तावित कोइ भी गैर-आकस्मिक, रखी गई प्रजातियां। मत्स्य पालन में चारे के रूप में प्रयुक्त प्रजातियों को शामिल किया गया है, चाहे वे मछुआरों द्वारा पकड़े गए हों या कहीं और खरीदे गए हों, और सभी गैर-प्राथमिक, रखे गए प्रजातियां,और वे प्रजातियों भी जो लुप्तप्राय, संकटमय या संरक्षित (जब बनाए रखने की आवश्यकता हो) के रूप में वर्गीकृत किये गए हो। [CFS सम्बंधित]

अपवाद (पर्याय: छूट)

एक परिभाषित दायरे के अंतर्गत, Fair Trade USA या एक अधिकृत अनुरूप मूल्यांकन निकाय द्वारा किसी कंपनी को दी गई अनुमति, एक निश्चित अनुपालन मानदंड या आवश्यकता के साथ पूरी तरह अनुपालन ना करने के लिए।

अपील

आवेदन जो प्रमाणपत्र धारक या पंजीकृत सहभागी द्वारा किया जाये। या फिर उस आवेदक द्वारा किया जाये जिसकी प्रमाणित स्थिति या उससे सम्बंधित प्रमाणित चिन्ह पर अनुरूप मूल्यांकन निकाय या Fair Trade USA द्वारा लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार के लिए प्रार्थना करे।

अवैध, अपरिवर्तित, और अनियमित मत्स्य पालन (IUU)

मत्स्य पालन जो कि 1) स्थानीय, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय कानून को तोड़ता है, 2) कम बताई गई, गलत बताई गई या ना बताई गई हो, जहां रिपोर्टिंग कानूनी तौर पर अनिवार्य है, और/या 3) अवैध माना गया हो लेकिन मत्स्य पालन कानूनों और विनियमों की पहुंच के बाहर हुई हो जैसे कि अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र। [CFS सम्बंधित]

अस्थायी मजदूर (पर्याय: मौसमी मजदूर)

वर्ष के विभिन्न समय में, श्रम के लिए मांग में उतार चढ़ाव से संबंधित, सीमित अवधि के लिए नियोजित श्रमिक।

वस्त्रों और घरेलू सामान के लिए फैक्ट्री मानक के तहत, एक अस्थायी श्रमिक को पूर्व निर्धारित और 9 महीने से कम समय अवधि के लिए रखा जाता है, जो वर्ष के विभिन्न समय में श्रम के मांग में उतार चढ़ाव से संबंधित होते है। लाभ प्रदान किए जा सकते हैं, लेकिन हमेशा स्थायी श्रमिकों या निश्चित अवधि के ठेके पर होने वाले लाभों के समान नहीं होते हैं।

आ

आंतरिक प्रबंधन प्रणाली (IMS) (पर्याय: प्रबंधन प्रणाली, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली)

एक निगरानी और नियंत्रण तंत्र, जैसे कि नीतियों और प्रक्रियाओं के दस्तावेज, जो उचित Fair Trade USA मानक के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रमाणपत्र धारक लागू करते हैं। आंतरिक प्रबंधन प्रणाली खतरों की पहचान, खतरों की निगरानी और उन क्षेत्रों को संबोधित करने के उपायों पर ध्यान केंद्रित करने पर लगा है जहां फेयर ट्रेड आवश्यकताओं के अनुपालन से संबंधित चुनौतियों और अवसर उपलब्ध हैं।

आकस्मिक जाति (पर्याय: आकस्मिक पकड़, गैर लक्ष्य वाले पकड़/जाति)

वे जीव जाति, जो लक्ष्य जाति के फसल के मसले, आकस्मिक पकड़ में आ जाये (मतलब: प्राथमिक व सहायक जाति) और उन्हें रखा न जाये (छोड़ देना)। इसके अंतर्गत स्तनीयजन्तु, समुद्री पक्षी, सरीसृप और वे सारे जिव जाति आते है जिनका वर्गीकृत लुप्तप्राय, संकटमय या संरक्षित है। आमतौर पर आकस्मिक जाति को मृत या मरण अवस्था में, समुद्र में छोड़ दिया जाता है। आकस्मिक जाति Fair Trade USA प्रमाणीकरण के योग्य नहीं है। [CFS सम्बंधित]

आगामी मूल्य अनुबंध

भविष्य के वितरण के लिए एक अनुबंध जिसमें बिक्री मूल्य हस्ताक्षर करने के समय निर्धारित नहीं, बल्कि भविष्य तारीख में तय किया जाता है। [व्यापार सम्बंधित]

आनुवांशिक संशोधन (GM) (पर्याय: आनुवंशिक अभियांत्रिकी)

पौधों, पशुओं या सूक्ष्म जीवों के आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी जैसे आनुवांशिक सांठना, आनुवांशिक संशोधन, पुनः संयोजक डी.एन.ए टैकनोलजी या ट्रांसजेनिक टैकनोलजी जैसे प्रयोगों का संशोधन। इस चयनित विधि से, आनुवांश एक जैव से दूसरे जैव में स्थानांतरित करने की अनुमति देता है, साथ ही असंबद्ध प्रजातियों के बीच भी यह संभव है। इन तरीकों में पारंपरिक प्रजनन, संयुग्मन, किण्वन, संकरण, सहायक प्रजनन तकनीक या उत्तक संवर्धन का उपयोग शामिल नहीं है। [APS सम्बंधित]

आय स्थिरता

आय लगातार एक स्तर पर हो, जहां घर मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं और जो मण्डी और पर्यावरण में बाहरी तनाव और झटके के लिए लचनशील हो।

आरोप

हितार्थी पक्ष या हितधारक द्वारा किया गया दावा या अभिकथन, कि फेयर ट्रेड प्रमाणपत्र धारक, पंजीकृत सहभागी, या आवेदक, ने Fair Trade USA मानक की आवश्यकताओं का उल्लघन किया है। कोई भी तृतीय पक्ष, या इकाई जिसके पास प्रत्यक्ष रूप से प्रमाणित इकाइयों की जानकारी हो, वे Fair Trade USA के साथ आरोप दर्ज करा सकते है।

आवश्यकताओं का मूल्यांकन

फेयर ट्रेड प्रमाणपत्र धारक, फेयर ट्रेड समिति और/या Fair Trade USA आवेदक, छोटे उत्पादकों, मछुआरों और/या श्रमिकों और उनके परिवारों और समुदायों, जो कि प्रमाण-पत्र के दायरे में शामिल हैं, उनके सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विकास की जरूरतों की पहचान करने के लिए एक व्यवस्थित सवाल-जवाब मंच की सुविधा। आवश्यकताओं का मूल्यांकन, आवश्यकताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए, प्रीमियम खर्च को प्राथमिकता अनुसार सूचित करता है। आवश्यकताओं का मूल्यांकन विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है, जिसमें प्रीमियम प्रतिभागियों के साथ सर्वेक्षण, साक्षात्कार या बैठकों शामिल हैं। आवश्यकताओं के मूल्यांकन में प्रीमियम प्रतिभागियों का एक विविध और प्रतिनिधि नमूना शामिल होना चाहिए।

आशय पत्र (LOI)

Fair Trade Certified उत्पादकों के लिए फेयर ट्रेड खरीदारों या फेयर ट्रेड दाताओं द्वारा प्रदान किए गए एक पत्र। इसमें साल या मौसम के दौरान खरीदे जाने की संभावित मात्रा का सारांश है, साथ ही साथ गुणवत्ता, भुगतान और वितरण की शर्तें। [व्यापार सम्बंधित]

इ

इनकोटर्म्स

अंतराष्ट्रीय व्यापर सदन (ICC) द्वारा परिभाषित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त व्यापार शर्तें जो आमतौर पर माल की बिक्री के लिए अनुबंध में उपयोग कीये जाते हैं। इनकोटर्म्स एक विक्रेता और खरीदार के बीच सामान के हस्तांतरण से जुड़े विवरण प्रदान करता हैं और एक रूपरेखा स्पष्ट करता है कि इस प्रक्रिया में प्रत्येक लागत के लिए कौन जिम्मेदार हैं। फेयर ट्रेड मूल्य और प्रीमियम हमेशा एक निर्दिष्ट इनकोटर्म स्तर पर तय किये जाते हैं।

उ

उत्पाद

इसमें वो दोनों उत्पाद संदर्भित है, जिसमें Fair Trade Certified घटक है और जिसमें एक ही अवयव है, (जैसे, कोको, चीनी, आदि), जो Fair Trade Certified के रूप में, अंतिम उपभोक्ता के लिए, आपूर्ति श्रृंखला के किसी भी स्तर पर, बिक्री के उद्देश्य से उपलब्ध है। इसमें सभी प्रकार के Fair Trade Certified उत्पादों, अवयवों और अंतिम उत्पादों के घटक शामिल है इसके अलावा (और अधिक) कृषि उत्पादों, समुद्री भोजन और वस्त्र और घरेलू सामान भी शामिल हैं।

उत्पादक

व्यक्ति या संस्था जो पहले या बाद में प्रसंस्करण करते हैं, फसल पालन करते हैं, खेती या निर्माण करने वाले उत्पादों का तत्पश्चात् व्यापर करते हैं।

उत्पादक मानक (पर्याय: उत्पादन मानक)

Fair Trade USA के उत्पादक मानकों में कृषि उत्पादन मानक, पकड़ मत्स्य पालन मानक और वस्त्र और घरेलू सामान के लिए फैक्टरी मानक शामिल हैं। ये मानक, उत्पादकों का सामाजिक जिम्मेदार प्रथाओं के अनुसार उत्पादों की उगाई, कटाई की आवश्यकताओं को परिभाषित करता हैं। उत्पादक प्रमाणपत्र धारकों को उपयुक्त उत्पादक मानक का अनुपालन करने की आवश्यकता होती है।

उत्पादकता और संवेदनशीलता का विश्लेषण (PSA)

पूर्वनिर्धारित विशेषताओं के आधार पर किसी भी प्रजाति के लिए अतिप्राप्ति के जोखिम का आंकलन करने के लिए एक दृष्टिकोण, भले ही डेटा परिस्थितियों तुच्छ हो। Fair Trade USA के PSA में शामिल (1) "उत्पादकता गुण और गणना", तालिका जो अमेरिका के मोंटरेय खाड़ी मत्स्यालय के समुद्री भोजन निगरानी मानदंड, मापदंड 1, फैक्टर 1.1 (संस्करण F3.2 9 दिसंबर, 2016, पृष्ठ 9) से लिया गया है और (2) "संवेदनशीलता गुण और गणना" तालिका, जो समुद्री परिचारक परिषद् के प्रमाणन आवश्यकताएं और मार्गदर्शन, अनुलग्नक PF: जोखिम-आधारित फ्रेमवर्क (संस्करण 2.0 अक्टूबर 2014, पृष्ठ 81) से लिया गया है। [CFS सम्बंधित]

उपठेकेदार

एक व्यक्ति या कंपनी जो प्रमाणपत्र धारक द्वारा ना तो संचालित है और ना ही नियंत्रित है, और जो Fair Trade Certified उत्पादों का कानूनी स्वामित्व नहीं है, बल्कि उत्पादों का प्रसंस्करण, पैकिंग या परिवर्तन करने के लिए सेवाएं प्रदान करता है।

उपयुक्त कानून

के अंतर्गत स्थानीय, प्रदेश, प्रांत, राज्य, या राष्ट्रीय कानून और वह कानून जिसे एकीकृत किया गया हो या कानूनी स्तर पर राष्ट्रिय कानून से बेहतर माना गया हो, जब कोई राज्य, अंतराष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर कर दे।

उपयुक्त मजदूर

वे मजदूर जो फेयर ट्रेड प्रमाणपत्र के दायरे के अंतर्गत आते हो।ए

एकाधिक घटक उत्पाद (पर्याय: बहु-घटक उत्पाद)

एक से अधिक घटक से बना, एक तैयार उत्पाद। ["व्यापार, लेबल और भाषा उपयोग मार्गदर्शक" सम्बंधित]

एकीकृत कीट प्रबंधन (IPM)

एक विज्ञान आधारित, प्रक्रिया जो कीट प्रबंधन नीतियां द्वारा कीटों के दुष्प्रभाव को कम करता है। एकीकृत कीट प्रबंधन सबसे किफायती तरीकों से कीट क्षति के अस्वीकरणीय स्तर को रोकने के लिए कीटनाशक जीव विज्ञान, पर्यावरण संबंधी जानकारी और उपलब्ध तकनीक का समन्वय करता है, जो लोगों, संपत्ति, संसाधनों और पर्यावरण के लिए न्यूनतम खतरा प्रस्तुत करता है। [APS सम्बंधित]

क

कृषि उत्पादन मानक (APS)

Fair Trade USA मानक जो कृषि सम्बंधित गतिविधियां पर लागू होती है।

कारखाने के बाहर (EXW)

वितरण के सन्दर्भ में निर्दिष्ट शर्त। इस शर्त के तहत, विक्रेता अनुबंध में अपना वादा पूरा करता है, जब माल खरीदार के उठाने के लिए तैयार हो, या तो विक्रेता के परिसर में या किसी अन्य नामित स्थान पर (फैक्ट्री, गोदाम आदि)। वितरित माल को अभी निर्यात के लिए मंजूरी नहीं दी गई है और ना ही किसी संग्रहण वाहन पर भरा जाता है। पकड़ मत्स्य पालन मानक (CFS) के सन्दर्भ में, कारखाने के बाहर (EXW) मूल्य, जलयान पश्चात मूल्य के बराबर होता हैं।

कीटनाशक

कीटनाशक, कवकनाशक, शाकनाशक, निस्संक्रामक और अन्य पदार्थ या पदार्थों का मिश्रण जिनका उद्देश्य किसी भी कीट और पौधों या जानवरों के अवांछित प्रजातियों को रोकने, नष्ट करने, या नियंत्रित करने का हो, जो खाद्य या कृषि वस्तुओं के उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन या विपणन को हानि पहुंचने से रोकते हो। पौधों के विकास नियामक, डिफोलैंट, डिसेकंट या एजेंट के रूप में फल को कम करने या फलों के समय से पहले गिरावट को रोकने के लिए और पदार्थों को फसल पर, फसल काटने के पहले या बाद लगाया जाये, ताकि परिवहन और भंडारण के दौरान क्षय से बच सके। कीटनाशकों कृत्रिम या जैविक रूप से घटने वाले हो सकती हैं, और इनहैं जैविक कृषि में उपयोग के लिए अनुमोदित प्राप्त हैं। [APS सम्बंधित]

कुल स्वीकार्य पकड़ (TAC)

एक निश्चित अवधि (आमतौर पर एक वर्ष) में एक संसाधन से लिए जाने वाली कुल पकड़, जैसा कि प्रबंधन योजना में परिभाषित किया गया है। विशिष्ट मात्रा या अनुपात के रूप में, कोटा के रूप में TAC हितधारकों को आवंटित किया जा सकता है। (FAO, गैर-दिनांकित)। [CFS सम्बंधित]

कट-मेक-ट्रिम (CMT)

परिश्रम-गहन प्रक्रिया जिसके द्वारा कपड़े परिधान से बनाये जाते है। कपड़े पहले काटे जाते है (कट) जाता है, फिर सिले जाते है (मेक), और फिर तैयार उत्पादों से सुशोभित किये जाते है (ट्रिम)। [फैक्टरी सम्बंधित]

कप्तान

अनुज्ञापित मछुआ जो मत्स्य-नौका को नियंत्रित रखे। कप्तान की ज़िम्मेदारी नाविक-गण और मत्स्य-नौका की सुरक्षा का है। (ILO C188 के तहत कप्तान की परिभाषा)। [CFS सम्बंधित]

ख

खतरनाक पदार्थ (पर्याय: खतरनाक रसायन, खतरनाक कीटनाशक)

पदार्थ जो मानव स्वास्थ्य या पर्यावरण के लिए पर्याप्त खतरा है यदि ठीक से उसका प्रबंध, उपचार, संग्रह, या निपटारा ना किया। इसमें शामिल, लेकिन सिमित नहीं, वे रसायन है जिनपर “खतरे” की चिप्पी या खोपड़ी और तिरछी हड्डी या लाल रंग का संकेत दिया गया हो।

ग

गैर-अनुपालन (NC) (पर्याय: गैर-अनुरूपता (NC)

लेखा परीक्षा के दौरान यह मालूम चले कि एक संस्था Fair Trade USA मानक और अनुपालन मानदंडों की एक या अधिक आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर रहा है। गैर-अनुरूपता को एक सुधारात्मक कार्य योजना के साथ संबोधित किया जाना चाहिए और अनुरूप मूल्यांकन निकाय या Fair Trade USA द्वारा निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर ठीक किया जाना चाहिए।

गैर-लक्ष्य प्रजातियां

जिन प्रजातियों के लिए उपकरण विशेष रूप से तैयार नहीं किया जाते है, हालांकि उन प्रजातियों का व्यावसायिक मूल्य हो सकता है और पकड़ का एक वांछनीय हिस्सा हो सकता है। [CFS सम्बंधित]

घ

घटक

कोई भी पदार्थ, योजक समेत, जिसका विनिर्माण या खाद्य पदार्थ की तैयारी में होता है और अंतिम उत्पाद में मौजूद होता है, संभवतः एक संशोधित रूप में। [व्यापार सम्बंधित]

घरेलु कार्यकर्ता

एक व्यक्ति कार्य स्थान से दूर, अपने घर, आवासीय भवन या अपने समुदाय में काम करने के लिए अनुबंधित हो, अक्सर प्रति-आदेश के आधार पर। उत्पाद को अनुबंधित कंपनी द्वारा वितरित किया जाता है या फिर उठाया जाता है [फैक्टरी मानक सम्बंधित]

च

चालक दल के सदस्यों या श्रमिकों की महत्वपूर्ण संख्या

पकड़ मत्स्य पालन मानकों के संदर्भ में, जहाजों या तट पर, 'महत्वपूर्ण संख्या' का अर्थ किसी भी समय पर पांच नए चालक दल के सदस्यों से अधिक है। प्रसंस्करण सुविधाओं पर, 'महत्वपूर्ण संख्या' का अर्थ किसी भी समय में पांच स्थायी श्रमिकों या 20 कुल श्रमिकों से अधिक है। [CFS सम्बंधित]

ज

जीविका वेतन

एक सामान्य (48 घंटे) पारिश्रमिक सप्ताह के लिए, एक श्रमिक द्वारा वेतन प्राप्त, जिससे वह खुद और उसका परिवार सभ्य ढंग से रह सकते है। एक सभ्य मानक के तत्वों में भोजन, पानी, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, परिवहन, कपड़े और अनपेक्षित घटनाओं के प्रावधान सहित अन्य अनिवार्य आवश्यकताएं शामिल हैं।

जैविक अंतर (पर्याय: जैविक प्रीमियम)

अतिरिक्त मूल्य जो खरीदारों को जैविक Fair Trade Certified कॉफी के लिए भुगतान करना आवश्यक है। यह कॉफी मार्केट या फेयर ट्रेड न्यूनतम कीमत (जो भी अधिक हो) और फेयर ट्रेड प्रीमियम के अतिरिक्त है।

जैविक उत्पाद

एक ऐसा उत्पाद जिसे जैविक बिक्री के लिए प्रमाणित और स्वीकृत किया जाता है (जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका में USDA के राष्ट्रीय जैविक कार्यक्रम)।

जोखिम आंकलन

जोखिम प्रबंधन का एक घटक जिसमें जोखिम कम करने की नीतियों को विकसित और कार्यान्वित करने के लिए जोखिमों की पहचान, अनुमान, गुणात्मक और मात्रात्मक मूल्यांकन के साथ संबंधित सभी प्रक्रियाएं शामिल हैं। Fair Trade USA मानकों के संदर्भ में, जोखिम मूल्यांकन मानक के साथ गैर-अनुरूपता की पहचान कराता है, जो आंतरिक प्रबंधन प्रणाली में विशेष ध्यान देने योग्य है। आंतरिक प्रबंधन प्रणाली देखें। [APS, CFS सम्बंधित]

जंगली फसल कटाई

अवांछित क्षेत्रों से पौधों, पौधों की सामग्री, या समुद्री भोजन का संग्रह। [APS, CFS, सम्बंधित]

जलयान पश्चात मूल्य (पर्याय: बंदरगाह मूल्य, पोत से उतरा मूल्य, सकल भूमि मूल्य)

वाणिज्यिक लैंडिंग के मौद्रिक मूल्य का एक माप, आमतौर पर पोत से उत्तरी मछली की पहली बिक्री का प्रति यूनिट वजन की कीमत गणना, जो कुल वजन के साथ गुणा किया गया है। [CFS सम्बंधित]

जहाज़ विमुक्त (FOB)

जब विक्रेता जहाज़ के नामित बंदरगाह पर जहाज के बहार सामान वितरित करे। जहाज के बाहर, खरीदार को माल की हानि या क्षति की सभी लागतें और जोखिम उठाना पड़ता है। FOB की शर्तों के तहत, विक्रेता को निर्यात हेतु माल उठाना आवश्यक है।

त

तैयार उत्पाद

एक प्रमाणित उत्पाद जिसने विनिर्माण और प्रसंस्करण की प्रक्रिया पूरा कर लिया है और खुदरा क्षेत्र या भोजनालय/खाद्य सेवा क्षेत्र में अंत-उपयोगकर्ता को बेच या वितरित के लिए तैयार है।

द

द्रव्यमान संतुलन

एक प्राप्त प्रणाली जिसमें प्रमाणित और गैर-प्रमाणित उत्पाद मिलाया जाता है, और आयतन को नियंत्रित किया जाता है जैसे कि बेची गई प्रमाणित मात्रा संचालन में दर्ज प्रमाणित संस्करणों के बराबर है।

दलाल

वह पक्ष जो दूसरों की ओर से एजेंट का काम करे, उदाहरणार्थ, फीस या दलाली के लिए अनुबंध सम्बंधित, क्रय सम्बंधित, विक्रय सम्बंधित बातचीत करना। एक दलाल किसी उत्पाद का वित्तीय स्वामी नहीं बन सकता। [व्यापर सम्बंधित]

न

नाविक दल के सदस्य

समुद्री भोजन को पकड़ने में शामिल व्यक्ति, या वे व्यक्ति जो समुद्री भोजन ना पकड़े, लेकिन सामान्य पोत संचालन में भाग लेते हैं (यानी, रसोइयों, पर्यवेक्षक, अभियान्ता आदि)। नाविक दल के सदस्य विशिष्ट रूप से जहाजों पर काम करते है, या समुद्र तट पर मछली पकड़ने का काम करते हैं। ये वेतन कर्मचारी हो सकते है, या पकड़ के आधार पर भुगतान में से अपना अंश ले सकते है। [व्यापार सम्बंधित]नियोक्ताकिसी भी व्यक्ति या इकाई जो एक व्यक्त या निहित अनुबंध के तहत श्रमिकों को नियंत्रित और निर्देशित करे और उन श्रमिकों के वेतन का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार है। इसमें श्रम ठेकेदार भी शामिल है।

निलंबन

एक प्रमाणीकरण स्थिति जिसके दौरान एक इकाई द्वारा Fair Trade Certified उत्पादों की बिक्री और खरीद प्रतिबंधित हैं। निलंबन के दौरान अनुसरण किए जाने वाले नियम प्रत्येक प्रकार की इकाई के लिए Fair Trade USA मानकों में दिए गए हैं। ऐसा तब हो सकता है जब किसी इकाई को शुरू में प्रमाणित किया गया हो।

निश्चित अवधि के अनुबंध श्रमिक

श्रमिक जो नौ महीने से अधिक, एक विशिष्ट अवधि के लिए नियुक्त करना, जो सहमति और रोजगार अनुबंध में निर्दिष्ट है। निश्चित अवधि के अनुबंध श्रमिकों को स्थायी श्रमिकों वाले सभी लाभ प्राप्त होते हैं लेकिन उनके रोजगार को अनुबंध के अंत में समाप्त या नवीकरण किया जा सकता है। [फैक्टरी मानक सम्बंधित]

निषिद्ध और प्रतिबंधित कीटनाशकों की सूची (PRPL)

नियम जो Fair Trade Certified फसलों पर खतरनाक कीटनाशकों का उपयोग को नियंत्रित करते हैं। इसमें निषिद्ध सक्रिय सामग्रियों की लाल सूची शामिल है, जो कि Fair Trade Certified फसलों पर कभी भी लगायी नहीं जा सकती, और प्रतिबंधित सक्रिय सामग्रियों की पीली सूची भी शामिल है, जो तभी लगाए जा सकते हैं, जब PRPL में उल्लिखित अतिरिक्त जोखिम निवारण प्रक्रियाओं का पालन किया जाता है। [APS सम्बंधित]

प

प्रगति मानदंड

प्रगति मानदंड लगातार सुधार आवश्यकताओं का वर्णन करते हैं जो समय के साथ पूरा होने चाहिए, और सभी आवश्यकताओं वर्ष छः तक पुरे हो जाने चाहिए। प्रत्येक प्रगति का मानदंड 1, 3 या 5 के मूल्य से अंकित किया जाता है। Fair Trade USA के कृषि उत्पादन मानक (APS) के तहत प्रमाणित होने के लिए, प्रमाणपत्र धारक को न्यूनतम मानदंड के अंकों का पाना अनिवार्य है, और ये अंक समय के साथ बढ़ते जाते है। महत्वपूर्ण मानदंड और अनुपालन मानदंड देखें। [APS सम्बंधित]

प्रत्यक्ष मूल्य अनुबंध (पर्याय: स्थानीय अनुबंध)

एक अनुबंध जिसमें वितरण मूल्य, अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के समय तय हो गया है। [व्यापार सम्बंधित]

प्रतिधारित प्रजातियों

पकड़ के भीतर प्रजातियां, जिन्हें आमतौर पर उनके व्यावसायिक मूल्य या प्रबंधन नियमों के कारण वापिस नहीं छोड़ा जाता हैं। [CFS सम्बंधित]

प्रतिबंध बिंदु

उस सीमा को दर्शाता है, जिसके बाद मत्स्य और/या संसाधन की स्थिति को वांछनीय या टिकाऊ नहीं माना जाता है। इस बिंदु तक पहुंचने से पहले मत्स्य विकास को रोका जाना चाहिए। यदि प्रतिबंध बिंदु तक अनजाने में पहुंच गये हो, तो प्रबंधन को, मत्स्य विकास को गंभीर रूप से कम या बंद करना चाहिए, जैसा भी उचित और सुधारात्मक रूप से उपयुक्त हो। पशुधन पुनः निर्माण कार्यक्रमों को प्रतिबन्ध बिंदु को एक न्यूनतम लक्ष्य के रूप में देखना चाहिए, कि इस लक्ष्य तक पहुंचने के बाद ही पुनः निर्माण उपायों को रोके या मत्स्य पालन को फिर से खोला जाये। (FAO, गैर दिनांकित) [CFS सम्बंधित]

प्रतिबंधित सामग्री सूची

Fair Trade Certified उत्पादों के निर्माण में उपयोग नहीं किए जा सकने वाले पदार्थों की एक सूची [फैक्ट्री सम्बंधित]

प्रथम खरीदार

प्रथम खरीदार वह व्यापारी है जो Fair Trade USA द्वारा जारी उत्पादक प्रमाणपत्र के धारक या अनुमोदित संस्था से खरीदता है। यह संभावित है कि प्रथम खरीदार फेयर ट्रेड मूल्य और / या प्रीमियम भुगतानकर्ता या वाहक होगा। पहले खरीदारों पर लागू होने वाली आवश्यकताएँ, संस्थाओं और फेयर ट्रेड उत्पादक के व्यापारिक व्यवहारों और संबंधों पर लक्षित किया जाता है, और आपूर्ति श्रृंखला पर आगे व्यापारियों पर लागू नहीं किया जाता है। [व्यापार संबंधित]

प्रबंधन इकाई

एक या अधिक स्थलों का समूह, जैसे कि खेतों और कारखानें, जिनका स्वामित्व, प्रबंध या संचालन एक ही व्यक्ति, कंपनी या संगठन द्वारा किया जाता हैं।

प्रभावी प्रबंधन

प्रबंधन या अल्पीकरण रणनीतियों को “प्रभावी” के रूप में परिभाषित किया जाता है यदि a) भण्डार की उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट प्रबंधन लक्ष्यों के साथ एक नीति हो, b) प्रबंधन के लक्ष्य, प्रभावित पारिस्थितिक तंत्र के संरचना और कार्य को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए पर्याप्त हो, c) नीति के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक प्रक्रिया है, और d) वैज्ञानिक प्रमाण हैं कि प्रबंधन के लक्ष्यों और नीति को पूरा किया जा रहा है। (MBA, 2016)। [CFS सम्बंधित]

प्रमाणपत्र (पर्याय: पात्रता का प्रमाणपत्र)

एक सामान्य अभिव्यक्त, यह बतलाने के लिए कि एक कंपनी, एक इकाई, एक या अधिक विशिष्ट उत्पाद, ने Fair Trade USA मानक की सभी आवश्यताओं की पूर्ति की है।

प्रमाणपत्र धारक (CH)

वैद्य, प्रमाणित इकाई जिसके पास Fair Trade USA उत्पादक प्रमाणपत्र है। उत्पादक प्रमाणपत्र धारक की ज़िम्मेदारी है कि उत्पादन मानक के सभी नियमों का अनुपालन करे, और धारक एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक कंपनी या वैद्य इकाई ही हो सकती है। व्यापार प्रमाणपत्र रखने वाली अनुरूप संस्था पर विवरण के लिए “लाइसेंसधारी” देखें।

प्रमाणीकरण (पर्याय: आश्वासन, सत्यापन)

लेखा परीक्षा और रिपोर्टिंग प्रक्रिया जिसके माध्यम से Fair Trade USA मानकों और अनुपालन मानदंडों का अनुरूप तय होता है।

प्रमाणीकरण चक्र

एक प्रारंभिक प्रमाणीकरण से पुनः प्रमाणीकरण, या पुनः प्रमाणीकरण से आने वाली पुनः प्रमाणीकरण तक की समय-सीमा। Fair Trade USA प्रमाणन चक्र तीन साल का होता है।

प्रमाणीकरण निर्णय

यह निर्धारित करने की प्रक्रिया, कि प्रमाणपत्र धारक या आवेदक संस्था प्रमाणपत्र से पुरुस्कृत होने के लिए Fair Trade USA मानक की प्रासंगिक आवश्यकताओं के साथ पर्याप्त अनुरूपता में है या नहीं। यह निर्णय लेखा परीक्षा रिपोर्ट की समीक्षा और सभी साक्ष्यों के आधार पर अनुरूप मूल्यांकन निकाय (CAB) या Fair Trade USA का तकनीकी स्टाफ सदस्य द्वारा किया जाता है, जिसमे सुधारात्मक कार्य योजना शामिल है, जो किसी भी गैर-अनुपालन के परिणामस्वरूप जारी किए गए हैं।

प्रमुख मानदंड

“प्रमुख” के रूप में पहचाने जाने वाले मानदंड मुख्य Fair Trade USA सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करते हैं। आवश्यक सिद्धांतों के साथ किसी भी प्रकार का गैर-अनुपालन के परिणामस्वरूप प्रमाणन अनुबंध को निलंबित करने का निर्णय हो सकता है या कार्यक्रम में प्रमाणन से इनकार भी कर सकते है, जब तक कि अनुपालन की गंभीरता और सीमा के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया हो। किसी भी विशिष्ट प्रमुख आवश्यकता के साथ गैर-अनुपालन गंभीर माना जाता है। [फैक्ट्री, CFS सम्बंधित]

प्रवासी मज़दूर

एक अस्थायी मज़दूर जिसका स्थायी घर, रोज़गार के स्थल से रोजाना यात्रा द्वारा तय नहीं किया जा सकता। एक प्रवासी मजदूर घरेलू (जैसे अस्थायी रूप से अपने स्थायी घर से बहुत दूर, लेकिन उसी देश में रहे) या अंतर्राष्ट्रीय हो सकता है।

प्रशिक्षु

एक विशिष्ट कार्य के लिए प्रशिक्षण से गुजरने के लिए परिवीक्षाधीन अवधि या शिक्षुता योजना के तहत काम पर रखा गया श्रमिक। प्रशिक्षु की स्थिति में लाभ या टुकड़ा दर (न्यूनतम मजदूरी अनिवार्य है) हो भी और नहीं भी हो सकता है और यह 3 महीने से अधिक नहीं होगा, और प्रशिक्षण के दौरान, कार्य-कुशलता का मूल्यांकन और भर्ती पर निर्णय होगा। [फैक्टरी मानक सम्बंधित]

प्रसंस्करण

समुद्री खाने के संदर्भ में, समुद्री भोजन के प्राप्त, तैयारी और परिवर्तन सहित, सफाई, पैकिंग, पुनः पैकिंग, खाना पकाना, डिब्बाबंदी, रेह, स्मोकिंग, सुखाने या हिमीकरण तक सीमित नहीं है। [CFS सम्बंधित]

प्राथमिक प्रजातियां

प्रमाणन के लिए, दायरे में आवेदन के लिए प्रस्तावित कोई भी गैर-आकस्मिक प्रजातियों। प्राथमिक प्रजातियों को लुप्तप्राय, संकटमय, या संरक्षित रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है।

प्रासंगिक मण्डी मूल्य

कॉफ़ी और कोको के लिए प्रासंगिक मण्डी संगठनों (LIFFE/ICE) द्वारा निर्धारित कीमत। विवरण के लिए Fair Trade USA की विशेष मूल्य और प्रीमियम नियम देखें।

प्रीमियम प्रतिभागियों

छोटे उत्पादक, मछुआरों, श्रमिकों और/या सहकारी सदस्यों के समूह, जो फेयर ट्रेड प्रीमियम के उपयोग के प्रबंधन के लिए एक या अधिक फेयर ट्रेड समितियों का चुनाव करने के लिए योग्य हैं। प्रीमियम प्रतिभागी और उनके परिवार फेयर ट्रेड प्रीमियम के प्राथमिक, प्रत्यक्ष लाभार्थि हैं। समूह में शामिल लोग, समूह व्यवस्था के आकार प्रकार के तहत भिन्न होते है।

प्रेषित विक्रय

एक ऐसी व्यवस्था जिसमें आयातक, उत्पादक या निर्यातक की ओर से भेजा हुआ उत्पाद बेच देता हैं। आयातक उत्पादों को बेचने का कार्य करता है और बदले में बिक्री से राजस्व का प्रतिशत प्राप्त करता है। [व्यापार सम्बंधित]

पंजीकृत छोटे उत्पादक

अनुरूप मूल्यांकन निकाय (CAB) द्वारा निर्धारित छोटे उत्पादकों की कुल सूची जो प्रमाण पत्र के दायरे के अंतर्गत है। लघु उत्पादक एक लघु फार्म पर प्रबंधक को संदर्भित करता है जो एक प्रीमियम प्रतिभागी है [APS सम्बंधित]

पंजीकृत स्थल

प्रमाण पत्र के दायरे के अंतर्गत छोटे, मध्य आकार और/या बड़े स्थल, खेत या सुविधाओं की कुल सूची। सभी पंजीकृत स्थल अनुरूप मूल्यांकन निकाय (CAB) द्वारा अग्रिम में पहचाने गए हैं, और स्थल पर लेखा परीक्षा के दौरान सत्यापित किए गए हैं। [APS सम्बंधित]

पकड़ डेटा (पर्याय: मत्स्य पालन आश्रित डेटा)

मछली या मत्स्य पालन पर डेटा जो मच्छुआरों और समुद्री भोजन के विक्रेता से प्रत्यक्ष प्राप्त हो। विधि के उदहारण है, कार्यपंजी, यात्रा टिकट, बंदरगाह पर नमूने का चुनना, मत्स्य पालन पर्यवेक्षक, और दूरभाष सर्वेक्षण। (NOAA मत्स्य पालन शब्दकोष)। [CFS सम्बंधित]

पकड़-पर-यूनिट प्रयास (CPUE) (पर्याय: पकड़ दर)

एक सामान्य मत्स्य-पालन प्रयास से पकड़ी गई मछली की मात्रा (वजन या संख्या)। उदहारण के लिए, एक दिन में 1,000 मत्स्य-कांटा में पकड़ी गई मछली। या, एक घंटे में महाजाल से पकड़ी गई मछली का वजन (टनों में)। CPUE को मछली बायोमास (या प्रचुरता) का निर्देशिका माना गया है। कभी कभी इसे पकड़ दर भी कहा गया है। CPUE का उपयोग मत्स्य पालन की आर्थिक दक्षता का माप तथा मछली प्रचुरता की निर्देशिका में लिया जा सकता है। (ब्लैकहार्ट और अन्य, 2006) [CFS सम्बंधित]

पकड़ मत्स्य पालन (पर्याय: जंगली मत्स्य पालन)

समुद्री भोजन हेतु मत्स्य पालन। इसके अंतर्गत सागरीय कृषि से संसाधित की हुई मछली शामिल नहीं है। [CFS सम्बंधित]

पता लगाने की क्षमता

किसी उत्पाद के इतिहास, प्रयोग और/या स्थान का पता लगाने की क्षमता, जो प्रमाणित स्रोत से उत्पाद सुनिश्चित करता है। भौतिक पता लगाने की क्षमता एक ऐसी व्यवस्था है जिसके तहत Fair Trade Certified उत्पादों को चिह्नित किया जाता है और उत्पादन और प्रसंस्करण के प्रत्येक स्तर पर गैर-Fair Trade Certified उत्पादों से अलग रखा जाता है ताकि पता लगाने की क्षमता सुनिश्चित हो सके।

परित्यक्त मत्स्य उपकरण

परित्यक्त मत्स्य उपकरण, जिन्हे "भूत उपकरण" भी कहा जाता है, वे उपकरण है जो समुद्री पर्यावरण में छोड़ दिया गया हो, खो गया हो, या त्याग दिया गया हो। इन उपकरणों में मछलियां अटक जाती है, जाल में फस जाती है, संभावित समुद्री जीवन जाल में उलझ कर मर जाते है, जिसमें समुद्री वासियों का दम घुट जाता है और नौकानयन में भीं खतरे के रूप में कार्य करती है। [CFS सम्बंधित]

परिपक्वता (पर्याय: परिपक्व)

औसतन दी गई आयु या आकार के मछली की पुन: प्रजनन करने की क्षमता दर्शाता है। परिपक्वता की जानकारी, उम्र या आकार से परिपक्व प्रतिशत के रूप में, अक्सर अंडे देने की क्षमता की गणना करने के लिए उपयोग की जाती है। (ब्लैकहार्ट और अन्य, 2006) [CFS सम्बंधित]

पशुधन

समुदाय या जनसंख्या में रहने वाले संसाधन जो पकड़ मत्स्य पालन में लिए जाते हैं। आमतौर पर इसका मतलब है कि मछली पशुधन आम तौर पर एक ही प्रजाति के अन्य आबादी से अलग है यानी आत्मनिर्भर है। (एक जैविक रूप से अलग इकाई)। (FAO, गैर-दिनांकित)। [CFS सम्बंधित]

पशुधन मूल्यांकन

मत्स्य पालन प्रतिक्रिया में मत्स्य भंडार के प्रचुरता में बदलाव को निर्धारित करने और पशुधन की बहुतायत के भविष्य के प्रवृत्तियों की भविष्यवाणी करने के लिए, जैविक और सांख्यिकीय जानकारी एकत्र करने और उनका विश्लेषण करने की प्रक्रिया। पशुधन मूल्यांकन संसाधनों पर आधारित हैं; निवास आवश्यकताओं की जानकारी, जीव इतिहास, और प्रजातियों के व्यवहार; पशुधन पर प्रभावों को निर्धारित करने के लिए पर्यावरण सूचकांकों का उपयोग; और पकड़ आँकड़ों पर निर्धारित है। एक मत्स्य पालन के वर्तमान और संभावित भविष्य की स्थिति का आकलन करने और निर्दिष्ट करने के लिए पशुधन मूल्यांकन का उपयोग किया जाता है। (FAO, गैर-दिनांकित)। [CFS सम्बंधित]

पारंपरिक उत्पाद

ऐसा उत्पाद जो प्रमाणित जैविक नहीं है।

पूर्व-प्रमाणीकरण (पर्याय: पूर्वव्यापी प्रमाणीकरण)

एक व्यापारिक लेनदेन जिसमें फेयर ट्रेड दाता Fair Trade Certified उत्पादक या निर्यातक से गैर Fair Trade USA स्थितियों के तहत प्रमाणित उत्पाद खरीदता है और भविष्य की तारीख में इसे फेयर ट्रेड उत्पाद में परिवर्तित कर देता है। ऐसा करने के लिए, भुगतानकर्ता को फेयर ट्रेड प्रीमियम और किसी भी आवश्यक फेयर ट्रेड समायोजन का भुगतान करना चाहिए और Fair Trade USA को प्रमाण प्रदान करना चाहिए कि सही भुगतान कर दिए गए है। सीमित मामलों में, Fair Trade USA से पूर्व अनुमोदन के साथ, फेयर ट्रेड दाता, Fair Trade USA लेनदेन के लिए लगातार पूर्व-प्रमाणीकरण का उपयोग कर सकते हैं। इसे व्यवस्थित पूर्व-प्रमाणीकरण के रूप में जाना जाता है।

पूर्व-वित्त

Fair Trade USA अनुबंधों को देखते हुए निधिकरण का प्रावधान, ताकि उत्पाद वितरण से पहले उत्पादन लागत में मदद मिल जाये।

फ

Fair Trade Certified मुहर और भाषा उपयोग मार्गदर्शक (SUG)

Fair Trade Certified उत्पादों के संबंध में अधिकृत लाइसेंसधारियों द्वारा Fair Trade Certified™ लेबल कलाकृति और भाषा उपयोग के लिए दिशा-निर्देश, जिसमें उत्पाद लेबल, पैकेजिंग और बिक्री केन्द्र सामग्री भी शामिल है।

फेयर ट्रेड अनुबंध

यह एक लिखित अनुबंध है जो Fair Trade USA कार्यक्रम के संचालन, और फेयर ट्रेड मूल्य और/या प्रीमियम भुगतानकर्ता का उत्पादक के प्रति भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को परिभाषित करता है। [व्यापार संबंधित]

फेयर ट्रेड अफ़सर

फैक्ट्री में Fair Trade USA प्रोग्राम के समन्वय, शिकायत और शिकायतों की प्रक्रिया और आवश्यक संचार के प्रसार के लिए जिम्मेदार व्यक्ति। फेयर ट्रेड अफसर FTC पर एक प्रबंधन प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है। [फैक्टरी मानक सम्बंधित]

फेयर ट्रेड न्यूनतम मूल्य (FTMP)

Fair Trade Certified उत्पाद के लिए, उत्पादकों को खरीदार द्वारा न्यूनतम मूल्य का भुगतान, इसमें फेयर ट्रेड प्रीमियम की अतिरिक्त राशि शामिल नहीं है। जहां लागू हो, फेयर ट्रेड न्यूनतम मूल्य एक औपचारिक सुरक्षा निवारक का प्रतिनिधित्व है, जो उत्पादक की सुरक्षा करता है, जब बाजारी मूल्य फेयर ट्रेड न्यूनतम मूल्य से कम हो। उत्पादक को दिया गया मूल्य, फेयर ट्रेड न्यूनतम मूल्य या प्रासंगिक बाजार मूल्य (जो भी अधिक हो) से कम नहीं हो सकता। हर उत्पाद का एक फेयर ट्रेड न्यूनतम मूल्य नहीं है। Fair Trade USA द्वारा स्थापित मूल्य और प्रीमियम डाटाबेस प्रासंगिक उत्पादों के लिए फेयर ट्रेड न्यूनतम मूल्य निर्दिष्ट करता है। प्रासंगिक मण्डी मूल्य देखें।

फेयर ट्रेड प्रीमियम (पर्याय: समाज विकास प्रीमियम, प्रीमियम)

Fair Trade Certified उत्पाद की लागत से ऊपर श्रमिकों, छोटे उत्पादकों और/या मछुआरों (फेयर ट्रेड प्रीमियम प्रतिभागी) के एक समूह को दी गई मौद्रिक राशि। फेयर ट्रेड प्रीमियम फेयर ट्रेड शर्तों पर बेचा जाने वाले उत्पाद की मात्रा पर भुगतान किया जाता है और उत्पाद, गुणवत्ता और/या उत्पादन के क्षेत्र की भिन्नता पर निर्भर होता है। मानक और उत्पाद पर निर्भर, फेयर ट्रेड प्रीमियम का उपयोग उत्पादकों के व्यवसाय और आजीविका में निवेश के लिए, उत्पादकों और/या कर्मचारियों और उनके समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास और/या पर्यावरण सुधार के लिए सीमित है। उचित मानक में विनिर्दिष्ट अनुसार फेयर ट्रेड प्रीमियम का उपयोग उत्पादकों, मछुआरों और/या श्रमिकों द्वारा लोकतांत्रिक ढंग से तय किया जाता है।

फेयर ट्रेड प्रीमियम प्रतिभागियों

श्रमिकों, छोटे उत्पादकों और/या मछुआरों का समूह जो एक या अधिक फेयर ट्रेड समितियों का चुनाव, फेयर ट्रेड प्रीमियम के प्रबंधन के लिए करते है।

फेयर ट्रेड प्रीमियम भुगतानकर्ता

